# पं0 पृथी नाथ महाविद्यालय

96ध12, महात्मा गांधी मार्ग, कानपुर
फैक्स / फोन : 0512.2361924

ppncollegekanpur@gmail.com

www.ppncollege.org.in

www.ppncollege.org

## विवरण पत्रिका

*2018–19*

# महाविद्यालय के प्रेरणाश्रोत



## पं0 पृथी नाथ चक

**(1858 – 1910)**

**VISION : To mould minds of young towards attainment of wisdom.**
**MISSION : To inculcate humanity and discipline in various fields of life.**
**To prepare the students for jobs.**
**To develop the students as responsible citizens for the country.**

# पं0 पृथी नाथ महाविद्यालय, कानपुर
## संक्षिप्त परिचय

प्रसिद्ध अधिवक्ता, समाजसेवी एवं शिक्षाशास्त्री स्वर्गीय देवेन्द्र स्वरूप जी (1912–1995) द्वारा वर्ष 1959 में स्थापित एवं पी0पी0एन0 मेमोरियल सोसाइटी द्वारा संचालित छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर से सम्बद्ध पी0पी0एन0 महाविद्यालय प्रदेश की उच्च शिक्षा प्रदान करने वाली अग्रणी संस्थाओं में से एक है। महाविद्यालय में कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं प्रबन्धन के 20 स्नातक एवं 13 परास्नातक विषयों में न्यूनतम शुल्क में छात्र–छात्राओं को शिक्षा प्रदान की जाती है। महाविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा व्यावसायिक विषयों को भी संचालित करने की मान्यता प्राप्त है। महाविद्यालय अपने उद्भव काल से ही देश के शिक्षण एवं शोध के मानचित्र पर अपना विशिष्ट स्थान बनाये हुये है। अनेक गणमान्य विभूतियों जैसे भारत के मुख्य न्यायाधीश श्री के0 एन0 वॉचू, पी0 एन0 भगवती, केन्द्रीय कानून मंत्री माननीय श्री अशोक सेन एवं माननीय विष्णुकान्त शास्त्री राज्यपाल, उ0प्र0, ने महाविद्यालय का अवलोकन कर यहाँ की शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों तथा अनुशासित वातावरण की प्रशंसा की है।

महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर सैकड़ों छात्र–छात्राएं देश एवं विदेश में अनेक प्रशासनिक पदों को सुशोभित करते हुए जनसेवा में संलग्न है। यहाँ से अध्ययन कर अनेक छात्र आई0आई0टी0, बी0ए0आर0सी0, टी0आई0एफ0आर0 एवं इसरों में अपने परिश्रम से देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। देश के बाहर भी महाविद्यालय के छात्र शोध कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उदाहरण स्वरूप महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र डॉ0 अमित शर्मा का हाल ही में एक शोध पत्र भौतिकी के वर्ष 2007 के नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ0 ए0 फर्ट के साथ साझा रूप में प्रकाशित हुआ है।

वर्तमान में महाविद्यालय से सम्बद्ध विषयों में विभिन्न शिक्षकों के निर्देशन में लगभग 50 शोधार्थी पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में यू0जी0सी0, सी0एस0आई0आर0, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से अनेक प्रोजेक्ट सफलता पूर्वक संचालित किये जा रहे हैं।

वर्तमान में महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष, सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन, बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश, श्री योगेन्द्र स्वरूप जी एवं उनके सुपुत्र श्री शिवेन्द्र स्वरूप जी के अनुभवी निर्देशन एवं परामर्श से महाविद्यालय में समय एवं छात्रों की माँग को देखते हुए रोजगारपरक बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम एवं ए0आई0पी0एस0 के सहयोग से अल्पावधि के कम्प्यूटर प्रशिक्षण के अतिरिक्त 9 ऐसे डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ किया गया है जिससे छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें।

## HOW TO APPLY FOR ADMISSION

1. **Online Admission Process - UG and PG (Except BBA, BCA, B.Com (Girls), M.Sc. (Zoology) & M.Com.)**

Step-1 : Registration and submission of registration fee

₹ 180/- only.

Step-2 : After completion of Registration Process student will get ID and Password through registered Email and mobile number. With ID and password login again through website www.ppncollege.org.in and www.ppncollege.org, fill all the entries of admission form and upload the necessary documents. Submit the form.

**For admission to BBA, BCA, B.Com (Girls), M.Sc. (Zoology) and M. Com., please contact Department of Professional and Self-Financed Courses.**

## SELF FINANCED COURSES ACTIVATED IN THE COLLEGE

**Profession Courses**

* B.B.A. : Bachelor of Business Administration
* B.C.A. : Bachelor of Computer Application

**Traditional Courses**

* B.Com. : Bachelor of Commerce (Girls)
* M.Com. : Master of Commerce
* M.Sc. (Zoology) : Master of Science (Zoology)

# प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता

### स्नातक

ऐसे सभी अभ्यर्थी जिन्होंने कक्षा 12 या समतुल्य परीक्षा प्रदेश शासन एवं सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय द्वारा मान्य किसी संस्था/बोर्ड से उत्तीर्ण की हो महाविद्यालय में मेरिट के आधार पर स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने हेतु अर्ह होगें।

### परास्नातक

महाविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रम में सी0एस0जे0एम0 वि0वि0 अथवा विधि द्वारा स्थापित एवं सी0एस0जे0एम0 वि0वि0 द्वारा मान्य, स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण किये हुए अभ्यर्थी अर्ह होगें।

## बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 व्यवसायिक पाठ्यक्रम एवं बी0काम0 (छात्रा), एम0काम0, तथा एम0एस–सी0 (जन्तु विज्ञान) सेल्फ फाइनेन्स्ड

बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी समवन्यक, प्रोफेशनल एवं सेल्फ फाईनेन्स्ड विभाग से सम्पर्क करें। प्रोफेशनल एवं सेल्फ फाईनेन्स्ड पाठ्यक्रम की विवरण पुस्तिका एवं आवेदन पत्र अलग से प्राप्त करें।

# महत्वपूर्ण प्रवेश अनुदेश

1 स्नातक एवं परास्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के अभ्यर्थी अपने आन लाइन आवेदन पत्र स्पष्ट एवं पूर्ण रूप से भरकर पूर्व में उत्तीर्ण की गयी समस्त परीक्षाओं की वांछित अंकतालिकाओं की छायाप्रतियां अपलोड करें। निर्धारित अन्तिम तिथि के उपरान्त कोई भी प्रवेश फार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

2 आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी आन लाइन आवेदित फार्म में निर्धारित कालम में अपना वर्ग/जाति स्पष्ट रूप से सावधानी पूर्वक अंकित करें, स्पष्ट रूप से श्रेणी व जाति अंकित न किये हुए फार्म सामान्य श्रेणी के माने जायेंगे। प्रवेश फार्म में एक बार अंकित आरक्षण श्रेणी किसी भी दशा में परिवर्तित नहीं की जायेगी। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी यह भी ध्यान रखें कि उनके जाति प्रमाण–पत्र में अंकित श्रेणी/जाति उनके स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (T.C.) में भी अंकित होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश राज्य में अभ्यर्थियों के नाम बने एवं शासन की वेबसाईट पर सत्यापन योग्य जाति प्रमाणपत्र ही मान्य होंगे। किसी भी प्रकार की विसंगति में आरक्षण का लाभ देना सम्भव न होगा।

3 आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी यदि निर्धारित कालम नहीं भरते हैं किन्तु प्रमाण पत्र लगाते हैं या कालम भरते हैं पर प्रमाण पत्र नहीं लगाते हैं तो ऐसे वे अभ्यर्थी सामान्य वर्ग में माने जायेंगे। प्रमाण पत्र न होने की स्थिति में अभ्यर्थी को प्रमाण पत्र आवेदन की प्राप्ति रसीद अपलोड करनी होगी अन्यथा आन लाइन आवेदन कर देने के उपरान्त कोई भी प्रमाण पत्र नहीं लिया जायेगा।

4 पिछड़े वर्ग के प्रवेशार्थी का जाति प्रमाण–पत्र**01.07.2015** के पूर्व का मान्य नहीं होगा।

5 उपवर्ग श्रेणी के प्रवेशार्थियों को आरक्षण का लाभ लेने के लिए सम्बन्धित प्रमाण–पत्र आवेदन–पत्र के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।

6 प्रवेश फार्म में यदि किसी तथ्य को छिपाया गया अथवा कोई सूचना गलत पायी गयी अथवा अंक तालिका व अन्य अभिलेख सत्यापन पर गलत पाये गये तो अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त कर उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी।

7 यदि अभ्यर्थी एक से अधिक विषय समूहों में आवेदन करना चाहता है तो उसे अलग–अलग आनलाइन आवेदन फार्म भरने होंगे।

8 एक वर्ग के लिए एक प्रवेश फार्म ही मान्य होगा।

9 परास्नातक (एम0 ए0/एम0एससी0) प्रथम वर्ष में केवल वही छात्र अर्ह होंगे जिन्होंने बी0ए0/बी0एससी0/बी0काम त्रिवर्षीय परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। इसमें किसी प्रकार की छूट नहीं है।

10 प्रत्येक अभ्यर्थी को अलग–अलग समूहों (Groups) के लिए विज्ञान वर्ग में अलग अलग आनलाइन आवेदन पत्र भरने होंगे। कला संकाय में विषय सावधानी से भरे किन्तु विषय प्रवेश समिति की संस्तुति पर ही दिया जायेगा।

11 प्रवेश समिति की संस्तुति के बाद विषय परिवर्तन सम्भव नहीं है। परास्नातक पूर्वार्द्ध में अलग अलग विषयों के लिए अलग आनलाइन आवेदन पत्र भरने होंगे।

12 अनुत्तीर्ण, अनुचित साधन प्रयोग में दण्डित तथा ऐसे विद्यार्थियों को जिन पर अनुशासनहीनता की कार्यवाही हो चुकी है, प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

13 ऐसे अभ्यर्थी जो किसी अपराध में दण्डित हो चुके हों या जिन पर किसी प्रकार के अपराधिक मामले दर्ज हों, को प्रवेश नहीं दिया जायेगा। ऐसे तथ्य छिपाकर प्रवेश लिये अभ्यर्थी की समुचित जानकारी प्राप्त होने पर उनका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।

14 मेरिट लिस्ट/प्रतिक्षा सूची में आने पर यदि अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक प्रवेश नहीं लेता है तो बाद में किसी भी परिस्थिति में उसको प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

15 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों की दशा में समक्ष अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र अपलोड करने पर शासन एवं विश्वविद्यालय के परिनियमों के निर्धारित मानक के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित का तात्पर्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पौत्र/पौत्री से है।

16 राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को 11वीं तथा 12वीं कक्षा के वर्षकाल में प्रतिभागियों को शासन के क्रीडा मंत्रालय द्वारा राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर चुने जाने का प्रामण पत्र अपलोड करने पर ही मान्य होंगे।

17 शिक्षा के किसी प्रकार के व्यवधान या गैप वाले अभ्यर्थी को प्रवेश देना सम्भव नहीं होगा। विशेष परिस्थितियों में अति उत्तम शैक्षणिक रिकार्ड के आधार पर यदि प्रवेश समिति संस्तुति करती है, तो एक वर्ष गैप की छूट उचित प्रमाण–पत्र एवं शपथ–पत्र प्रस्तुत करने पर अभ्यर्थी द्वारा पिछले परीक्षा में प्राप्त अंकों के प्रतिशत से 5 प्रतिशत अंक घटाकर विचार किया जा सकता है।

18 किसी भी कक्षा (बी0एससी0 प्रथम वर्ष, बी0ए0 प्रथम वर्ष एवं बी0काम0 प्रथम वर्ष तथा एस0एससी0 प्रथम वर्ष एवं एम0ए0 प्रथम वर्ष) में अनुसूचित जाति व जनजाति की सीटें न भरने की स्थिति में, पुनः आवेदन हेतु सूचना महाविद्यालय की वेबसाइट www.ppncollege.org पर दी जायेगी।

19 अन्य प्रदेशों के प्रवेशित किये जाने वाले अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय के परिनियमों के निर्धारित मानक के आधार पर सामान्य श्रेणी (अनारक्षित) के अन्तर्गत माना जायेगा।

20 बी.ए. द्वितीय, तृतीय एवं परास्नातक एम.एम, एम.एस–सी. उत्तरार्द्ध में किसी अन्य महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के छात्रों का प्रवेश नहीं होगा।

21 प्राचार्य को बिना कोई कारण बताए किसी भी प्रवेश को निरस्त करने का अधिकार होगा।

# प्रवेश हेतु वांछित प्रपत्र/अभिलेख

मेरिट लिस्ट निकलने के पश्चात् समस्त अर्ह अभ्यर्थी निम्न प्रपत्रों/ अभिलेखों को सम्बन्धित प्रवेश समिति के समक्ष अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें :–

1. प्रवेश के समय समस्त अंकतालिकाएं एवं प्रमाण–पत्र, स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (टी0सी0) एवं पूर्व संस्था द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र की मूल प्रतियाँ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
2. व्यक्तिगत अभ्यर्थी पूर्व संस्था के प्राचार्य तथा किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करें।
3. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र के साथ आय प्रमाण–पत्र अपलोड करना अनिवार्य है। अगर अभ्यर्थी के पिता व्यापार करते हैं तो आयकर अधिकारी का प्रमाण–पत्र, नौकरी करते हैं तो नियोक्ता का प्रमाण–पत्र तथा यदि अन्य कोई कार्य करते हैं तो तहसीलदार का संलग्न प्रारूप में बना प्रमाण–पत्र अपलोड करें।
4. विवरण पत्रिका के साथ संलग्न प्रारूप में ही बने हुए जाति प्रमाण–पत्र मान्य होंगे।
5. विकलांग अभ्यर्थी मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त शारीरिक विकलांगता प्रमाण–पत्र अपलोड करें।
6. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित (पौत्र/पौत्री) युद्ध में शहीद सेना कर्मियों के पुत्र/पुत्री, शासन द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र अपलोड करें।
7. तीन पासपोर्ट आकार फोटो।

समस्त प्रवेश, प्रवेशार्थी द्वारा प्रस्तुत समस्त अंकतालिकाओं /प्रमाणपत्रों के सत्यापन तक पूर्णतया अस्थायी होंगे।

## बी0एस–सी0 प्रथम वर्ष

*कक्षा का समय प्रात : 09:45 बजे से।*

निर्विघ्न पाठ्यक्रम अर्थात् हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2016 में तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2018 में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

***बी0एस–सी0 प्रथम वर्ष में लिये जाने वाले विषय समूह***

1. भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित
2. भौतिक विज्ञान, गणित एवं सांख्यिकी
3. भौतिक विज्ञान, गणित एवं सैन्य विज्ञाान
4. भौतिक विज्ञान, गणित, शारीरिक शिक्षा
5. जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं रसायन विज्ञान
6. जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं सैन्य विज्ञान
7. जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, शारीरिक शिक्षा

**नोट :** 1. सांख्यिकीय के साथ गणित लेना अनिवार्य है।

2. प्रवेश सीटों की संख्या के अनुसार मेरिट के आधार पर होंगे।

एक प्रवेश फार्म केवल एक विषय समूह के लिए मान्य होगा। यदि अभ्यर्थी एक से अधिक विषय समूहों में आवेदन करना चाहता है तो उसे दूसरा प्रवेश फार्म अपलोड करना होगा। गलत समूह चयन पर आवेदन निरस्त हो जायेगा।

| क्रमांक | विषय | कोड | क्रमांक | विषय | कोड |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भौतिक विज्ञान | 01 | 6. | सांख्यिकीय | 09 |
| 2. | रसायन विज्ञान | 02 | 7. | सैन्य विज्ञान | 11 |
| 3. | गणित | 03 | 8. | ’पर्यावरण अध्ययन | 23 |
| 4. | जन्तु विज्ञान | 04 | 9. | शारीरिक शिक्षा | 24 |
| 5. | वनस्पति विज्ञान | 05 | | | |

## बी0काम0 प्रथम वर्ष

कक्षा का समय प्रात : 07:30 बजे से।

निर्विघ्न पाठ्यक्रम अर्थात् हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2016 में तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2018 में 70 प्रतिशत (सामान्य वर्ग) अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**नोट :** बी0काम0 प्रथम वर्ष में केवल वाणिज्य या गणित समूह के छात्र ही आवेदन कर सकते हैं।

**’पर्यावरण अध्ययन अतिरिक्त अनिवार्य क्वालीफाईंग विषय के रूप में होगा।**

बी0काम0 प्रथम वर्ष में ओ0एम0आर0 कोड सहित विषय इस प्रकार है

| क्रमांक | विषय | कोड | क्रमांक | विषय | कोड |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Business Communication (GR-A) | 01 | 5. | Business Economics (GR-A) | 06 |
| 2. | Business Statistics (GR-A) | 03 | 6. | Business Environment (GR-C) | 07 |
| 3. | Financial Accounting (GR-B) | 04 | 7. | Environment Studies | 08 |
| 4. | Business Regulatory Framwork (GR-B) | 05 | | | |

बी0काम0 द्वितीय वर्ष में ओ0एम0आर0 कोड सहित विषय इस प्रकार है

| क्रमांक | विषय | कोड | क्रमांक | विषय | कोड |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Company (GR-A) | 01 | 5. | Fundamental of Entrepreneurship (GR-C) | 05 |
| 2. | Cost Accounting (GR-A) | 02 | 6. | Public Finance (GR-C) | 06 |
| 3. | Principal of Business Management (GR-B) | 03 | 7. | Industrial Law (GR-C) | 07 |
| 4. | Income Tax (GR-B) | 04 | | | |

बी0काम0 तृतीय वर्ष में ओ0एम0आर0 कोड सहित विषय इस प्रकार है

| क्रमांक | विषय | कोड | क्रमांक | विषय (Optional) | कोड |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Corporate Accounting (GR-A) | 01 | | **Financial (GR-C-1)** | |
| 2. | Auditing (GR-A) | 02 | 5. | Management Finance (GR-C-1) | 05 |
| 3. | Money & Financial System (GR-B) | 03 | 6. | Management Accounting (GR-C-1) | 06 |
| | | | | **OR** | |
| 4. | Information Technology and its implication in business (GR-B) | 04 | | **Marketing (GR-C-2)** | |
| | | | 7. | Principle of Marketing (GR-C-2) | 07 |
| | | | 8. | International Marketing (GR-C-2) | 08 |

## बी0ए0 प्रथम वर्ष

कक्षा का समय प्रात : 09:45 बजे से।

निर्विघ्न पाठ्यक्रम अर्थात् हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2016 में तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2018 में 55 प्रतिशत (सामान्य वर्ग) अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

बी0ए0 प्रथम वर्ष में ओ0एम0आर0 कोड सहित विषय इस प्रकार हैं :–

| क्रमांक | विषय | कोड | क्रमांक | विषय | कोड |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी भाषा | 01 | 9. | इतिहास | 11 |
| 2. | अंग्रेजी भाषा | 02 | 10. | राजनीति विज्ञान | 12 |
| 3. | संस्कृत | 03 | 11. | भूगोल | 13 |
| 4. | हिन्दी साहित्य | 04 | 12. | समाजशास्त्र | 17 |
| 5. | अंग्रेजी साहित्य | 05 | 13. | सैन्य विज्ञान | 18 |
| 6. | गणित | 07 | 14. | फंक्शनल अंग्रेजी | 24 |
| 7. | मनोविज्ञान | 09 | 15. | पर्यावरण अध्ययन | 32 |
| 8. | अर्थशास्त्र | 10 | 16. | शारीरिक शिक्षा | 33 |

नोट : **बी.ए. पाठ्यक्रम की प्रायोगिक कक्षाएँ अपराह्न 02:15 से प्रारम्भ होगी।**

# प्रतिबन्धित विषय समूह

बी0ए0 भाग–1 में प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले किसी भी अभ्यर्थी द्वारा आनलाइन आवेदित विषयों में से अभ्यर्थी द्वारा वांछित विषय सम्बन्धित विषय में स्थान रिक्त होने पर ही दिया जायेगा अन्यथा की स्थिति में अभ्यर्थी को शेष उपलब्ध विषयों में से ही विषय चयन करना होगा।

निम्न विषय समूह प्रतिबन्धित है।

| | | |
|---|---|---|
| तीन साहित्य | तीन प्रायोगिक विषय | 3. सैन्य विज्ञान, संस्कृत |
| इतिहास, भूगोल | हिन्दी भाषा, अंग्रेजी भाषा | |

किसी भी विषय में निर्धारित छात्र संख्या के निर्धारण का अधिकार प्राचार्य को होगा।

फंक्शनल अंग्रेजी चयनित करने वाले छात्रों को अंग्रेजी भाषा अथवा अंग्रेजी साहित्य में किसी एक विषय का चयन करना होगा। साथ ही उन्हें लिखित अण्डर टेकिंग देनी होगी कि वे फंक्शनल अंग्रेजी विषय बी0ए0 तृतीय वर्ष तक पढ़ेंगे।

# बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 एवं बी0काम0 (छात्रा)

पारम्परिक पाठ्यक्रमों की अपेक्षा व्यवसायिक पाठ्यक्रम रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय से सम्बद्ध त्रिवर्षीय (छः सेमेस्टर) रोजगारपरक बी0बी0ए0 (Bachelor of Business Administration), बी0सी0ए0 (Bachelor of Computer Application) एवं बी0काम0 (छात्रा वर्ग) पाठ्यक्रम महाविद्यालय में संचालित हैं।

**प्रवेश हेतु पात्रता**

प्रदेश सरकार एवं सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय कानपुर से मान्यता प्राप्त किसी भी बोर्ड से कक्षा 12 उत्तीर्ण, बी0एस0सी0 हेतु कक्षा 12 में गणित विषय होना अनिवार्य है।

**प्रवेश प्रक्रिया**

बी0बी0ए0/बी0सी0ए0/बी0काम0 (छात्रा वर्ग) पाठ्यक्रम में प्रवेश मेरिट/प्रवेश परीक्षा के आधार पर होंगे। बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र–छात्राएं अलग से प्रवेश फार्म एवं विवरणिका महाविद्यलाय के प्रोफेशनल एवं सेल्फ फाइनेन्स विभाग से प्राप्त करें।

## *रोजगारपूरक अल्प अविध के डिप्लोमा पाठ्यक्रम*

पारम्परिक शिक्षा को रोजगारपूरक बनाने हेतु महाविद्यालय द्वारा ए0आई0पी0एस0 (अदिशा इन्स्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्ट्डीज) के सहयोग से अल्प अवधि के 9 डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की शुरूआत की गयी है। ये डिप्लोमा पाठ्यक्रम छात्र द्वारा पारम्परिक डिग्री को समृद्ध कर इसे बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करवाने में सहायक हैं। प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र/छात्राएं अलग से प्रवेश फार्म एवं विवरणिका महाविद्यालय के प्रोफेशनल एण्ड सेल्फ फाइनेन्स विभाग से प्राप्त करें।

# पर्यावरण अध्ययन

माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार स्नातक स्तर पर पर्यावरण विषय का अध्ययन अनिवार्य है स्नातक उपाधि प्राप्त करने के लिए इस पाठ्यक्रम के प्रश्नपत्र में न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

# एम0 ए0 प्रथम वर्ष

प्रायोगिक विषयों को छोड़कर कला संकाय की स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रातः 09:45 बजे से प्रारम्भ होंगी।

निर्विघ्न पाठ्यक्रम अर्थात् हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2013 में, इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2015 तथा स्नातकीय परीक्षा वर्ष 2018 में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

1. हिन्दी
2. अंग्रेजी
3. समाजशास्त्र
4. सैन्य अध्ययन
5. भूगोल
6. मनोविज्ञान
7. अर्थशास्त्र

## एम0 काम0 प्रथम वर्ष
## (स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत)

कक्षा का समय प्रातः 7:30 बजे से।

निर्विघ्न पाठ्यक्रम अर्थात् हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2013 में, इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2015 तथा स्नातकीय परीक्षा वर्ष 2018 में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

# एम0 एस–सी0 प्रथम वर्ष

कक्षा का समय प्रातः 10:30 बजे से।

रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित तथा वनस्पति विज्ञान विषयों में प्रवेश उत्तर प्रदेश शासन एवं छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के नियमानुसार इन्डेक्स अंकों की गणना कर मेरिट के आधार पर होंगे। प्रवेश हेतु इन्डेक्स अंकों की गणना निम्नानुसार की जायेगी। एम. एस.सी. प्रथम वर्ष के प्रवेशार्थियों को डमतपज स्पेज में नाम आने की सूचना म्उंपसध्ैडै द्वारा दी जायेगी।

## प्रवेश हेतु इन्डेक्स अंकों की गणना निम्नानुसार की जायेगी :

(i) marks obtained in all the theory papers in all the Science subjects having practical in Part I, II and III combined.

(ii) 50% of the marks obtained in the practicals of all subjects in Part I, II and III combined.

(iii) In case of non-practical subjects offered at the B.Sc. level 80% of the total marks shall be added in the Index.

(iv) Marks obtained in the theory papers of the subjects in which the admissions sought in Part I, II, III combined.

(v) 50% of the marks obtained in the practical of the subjects in which the admission is sought in Part I, II and III combined.

(vi) While calculating the index number of applicants coming from institution not affiliated to C.S.J.M. University, Kanpur the marks shall be reduced to a denominator to that of the C.S.J.M. University, Kanpur. If the marks in the theory and practical are not mentioned separately in the marks sheets, 80% of the marks both in aggregate and in the subject concerned will be taken into consideration for calculating index.

(vii) The Marks of Internal assessment and sessional of Tutorials shall not be taken into account for calculating index.

**The following additional marks shall be added in the index :**

(i) Marks should be given for High School and Intermediate Examination according to following table :

**High School**

| | |
|---|---|
| 50% and above but below 60% | 5 marks |
| 60% and above but below 70% | 10 marks |
| 70 and above | 15 marks |

**Intermediate**

| | |
|---|---|
| 50% and above but below 60% | 10 marks |
| 60% and above but below 70% | 20 marks |
| 70 and above | 30 marks |

(ii) 10 marks for applicants from the same college.

(iii) 10 marks for applicants form college affiliated to C.S.J.M. University, Kanpur.

(iv) 20 marks for being sons/daughters of teachers/employees of the same college.

(v) 10 marks for being sons/daughters of teacher/employees of all the colleges affiliated to C.S.J.M. University, Kanpur.

**Note : All marks sheet of High School, Intermediate, B.Sc. I, B.Sc. II & B.Sc. III must be attached**

## शारीरिक शिक्षा

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए शारीरिक शिक्षा के अन्तर्गत खेलकूद शिक्षा की समुचित व्यवस्था है साथ ही स्नातक स्तर पर 'शारीरिक शिक्षा' विषय के रूप में भी महाविद्यालय में उपलब्ध है।

1. एक विद्यार्थी अधिकतम तीन खेलों में भाग ले सकेगा।
2. विविध कार्यक्रमों द्वारा कालेज की सांस्कृतिक प्रतिभाओं को चिन्हित करने की प्रक्रिया सत्र के प्रारम्भ से ही प्रस्तावित है।

## सुझाव एवं परामर्श प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में छात्रों को उचित रोजगार के अवसर सम्बन्धी सूचनाएं प्रदान करने उन्हें कैरियर सम्बन्धी मार्गदर्शन एवं उचित शैक्षणिक समस्याओं के निराकरण हेतु सुझाव एवं परामर्श प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है, जिसमें छात्रों की सहायता हेतु अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाएं उपलब्ध हैं तथा बाहर से भी परामर्शदाता आमंत्रित किये जाते हैं।

## कैरियर एवं नियोजन प्रकोष्ठ

समय की आवश्यकता को देखते हुए महाविद्यालय शिक्षा को रोजगारपरक बनाने हेतु कटिबद्ध है। रोजगार के नवीन अवसरों से छात्रों को अवगत कराने एवं उन्हें रोजगार प्रदान करवाने हेतु महाविद्यालय में नियोजन प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी है। छात्र/छात्राएं निर्धारित शुल्क देकर यहाँ अपना पंजीकरण करा नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा प्रदत्त अवसरों का लाभ उठा सकते/सकती हैं।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

महाविद्यालय में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तीन महत्वपूर्ण उद्देश्यों से चलाया जा रहा है। (1) छात्र/छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता (2) आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक सेवा उपलब्ध कराना (3) समय–समय पर छात्र–छात्राओं एवं महाविद्यालय के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण।

## एन0 सी0 सी0 (नेशनल कैडेट कोर)

महाविद्यालय में एन0सी0सी0 55वीं बटालियन से सम्बद्ध एन0सी0सी0 यूनिट उपलब्ध है। एन0सी0सी0 में प्रवेश के इच्छुक छात्र सैन्य अध्ययन विभागाध्यक्ष मेजर डॉ0 आई0 जे0 सिंह से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0)

महाविद्यालय में सी0 एस0 जे0 एम0 विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एन0 एस0 एस0 इकाई संचालित की जा रही है। एन0 एस0 एस0 में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र एन0एस0एस0 प्रभारी डॉ0 एस0 के0 शुक्ला से सम्पर्क कर सकते हैं।

## पुस्तकालय

महाविद्यालय का केन्द्रीय पुस्तकालय कानपुर महानगर के उत्कृष्ट पुस्तकालय में से है। विभिन्न विषयों में स्नातक, परास्नातक एवं शोध स्तर की लगभग 80,000 पुस्तकें, सन्दर्भ पुस्तकें शोध जर्नल्स पत्रिकाएं एवं समाचार पत्र उपलब्ध है। महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्रों, शोधार्थियों के लिए निःशुल्क इण्टरनेट व्यवस्था उपलब्ध है। स्नातक छात्रों को एक बार में उनके द्वारा पुस्तकालय पत्र प्रस्तुत करने पर 2 पुस्तकें 15 दिनों के लिए इश्यू की जाती है। जबकि परास्नातक छात्रों को यह सुविधा उनके विभागीय पुस्तकालय के द्वारा उपलब्ध है। पुस्तकालय में रीडिंग रूम सुविधा उपलब्ध है जहाँ छात्र–छात्राएं खाली पीरियड के समय में बैठकर अध्ययन कर सकते हैं।

## ई–लाईब्रेरी (E-Library)

शिक्षण एवं ज्ञान की आधुनिक एवं नवीनतम आवश्यकताओं के अनुरूप महाविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं/शोधार्थियों हेतु सत्र 2016–17 से ई–लाईब्रेरी सुविधा प्रस्तावित है। इसके अन्तर्गत समस्त छात्र/छात्राओं/शोधार्थियों को न्यूनतम शुल्क पर आनलाइन एवं डिजिटल डाटा के रूप में अर्न्तराष्ट्रीय स्तर की पुस्तकें, जर्नल्स एवं अन्य ज्ञानार्जन सम्बन्धी सामग्री उपलब्ध होगी।

## पूर्व छात्र परिषद (Alumni Association)

महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण किये देश विदेश में अपने ज्ञान एवं प्रतिभा के बल पर जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में समाज को अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहे छात्रों द्वारा पूर्व छात्र परिषद ;lसनउदप ोवबपंजपवदद्ध की स्थापना की गई है जिसकी बैठक प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है। परिषद की सदस्यता ग्रहण करने हेतु अर्हता एवं अन्य विस्तृत विवरण संयोजक डॉ0 श्रीपाल शर्मा, एसोशिएट प्रोफेसर, भौतिक विज्ञान विभाग से प्राप्त करें।

## गर्ल्स कामन रूम

महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या को देखते हुए प्राचार्य कक्ष के निकट पूर्ण रूप से सुसज्जित कामन रूम उपलब्ध है जहाँ छात्राएं खाली पीरियड में बैठ सकती है।

## छात्रावास

छात्रावास में कुल 25 छात्रों के आवास की व्यवस्था है। छात्रावास में केवल पूर्णकालिक शोध छात्रों तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेधावी छात्रों को प्रवेश दिया जायेगा, क्योंकि महाविद्यालय उच्च शिक्षा के गुणात्मक प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है। छात्रावास में प्रवेश के लिए छात्र छात्रावास अधीक्षक डॉ0 बी0डी0 पाण्डेय से सम्पर्क कर सकते हैं।

## छात्रवृत्तियाँ

मेधावी तथा गरीब छात्रों के लिए निम्न छात्रवृत्तियाँ है :–

1. राष्ट्रीय छात्रवृत्ति
2. सी0एस0आई0आर0 छात्रवृत्ति
3. प्रतिरक्षा छात्रवृत्ति
4. विकलांग छात्रवृत्ति
5. अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति
6. पिछड़ी जाति छात्रवृत्ति
7. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी छात्रवृत्ति
8. उ0प्र0 पुनर्वास निधि छात्रवृत्ति
9. उ0प्र0 सरकार अनुदान
10. अन्य

नोट : महाविद्यालय में प्रविष्ट विद्यार्थियों को निर्धारित सीमा के अन्दर पूर्ण शुल्क मुक्ति प्रदान की जायेगी। जिन छात्रों को शुल्क मुक्ति दी जायेगी उन्हें ये सुविधा पूर्व परीक्षा में प्राप्त अंकों तथा एक वार्षिक निर्धारित आय सीमा के अन्तर्गत प्रदान की जायेगी।

छात्रवृत्ति हेतु समस्त छात्र/छात्राएं आवेदन के साथ वर्ष 2017 में जारी आय प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से अपलोड करें।

# वार्षिक शुल्क

प्रवेश सूची में नाम आने पर अभ्यर्थी निम्न विवरण के अनुसार व्दसपदम क्मइपज ब्तकए Credit Card, ,oa Net Banking के माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा करेंगे। (शुल्क के अतिरिक्त 35/- Online Payment Fee देय होगी।)

विभिन्न कक्षाओं और वर्गों के लिए सम्पूर्ण वार्षिक शुल्क विवरण

***वार्षिक शुल्क का विवरण 2018–19***

| Course Name | Fees | |
|---|---|---|
| | Boys | Girls |
| B.A. I (Non Practical) | 2233.00 | 2053.00 |
| B.A. I (One Practical) | 2473.00 | 2243.00 |
| B.A. I (Two Practical) | 2713.00 | 2533.00 |
| B.A. II (Non Practical) | 2133.00 | 1953.00 |
| B.A. II (One Practical) | 2373.00 | 2193.00 |
| B.A. II (Two Practical) | 2613.00 | 2433.00 |
| B.A. III (Non Practical) | 2133.00 | 1953.00 |
| B.A. III (One Practical) | 2373.00 | 2193.00 |
| B.A. III (Two Practical) | 2613.00 | 2433.00 |
| B.Com. I | 2133.00 | 1953.00 |
| B.Com. II | 2033.00 | 1853.00 |
| B.Com. III | 2503.00 | 1953.00 |
| B.Sc. I (One Practical) | 2503.00 | 2323.00 |
| B.Sc. I (Two Practical) | 2743.00 | 2563.00 |
| B.Sc. I (Three Practical) | 2983.00 | 2803.00 |
| B.Sc. II (One Practical) | 2373.00 | 2193.00 |
| B.Sc. II (Two Practical) | 2613.00 | 2433.00 |
| B.Sc. II (Three Practical) | 2853.00 | 2673.00 |
| B.Sc. III (One Practical) | 2373.00 | 2193.00 |
| B.Sc. III (Two Practical) | 2613.00 | 2433.00 |
| M.A. Pre. (Non Practical) | 2253.00 | 2013.00 |
| M.A. Pre. (Practical) | 2593.00 | 2353.00 |
| M.A. Final. (Non Practical) | 2453.00 | 2213.00 |
| M.A. Final (Practical) | 2693.00 | 2453.00 |
| M.Sc. Pre. | 2643.00 | 2403.00 |
| M.Sc. Final | 2693.00 | 2453.00 |

शासन के आदेशानुसार छात्राएं शिक्षण शुल्क से मुक्त है।

# महत्वपूर्ण नियम एवं निर्देश

1. शासन, शिक्षा निदेशालय एवं छत्रपति शाहू जी महाराज वि0वि0 के निर्देशों के अनुसार प्रत्येक छात्र/छात्राओं की प्रत्येक सत्र में हुए कुल व्याख्यानों में **75** प्रतिशत की उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थिति पूरा न करने वाले छात्र को मुख्य परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया जायेगा।
2. समस्त छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय परिसर में प्रवेश की अनुमति उन्हें महाविद्यालय द्वारा निर्गत परिचय पत्र में उनके लगे हुए फोटो/अन्य विवरण से मिलान करने के पश्चात् ही दी जायेगी। प्रत्येक छात्र/छात्रा को महाविद्यालय परिसर में अनुशासित वातावरण बनाये रखना अनिवार्य होगा।
3. परिसर में स्थापित क्लोज्ड सर्किट टी0वी0 कैमरों से प्रत्येक छात्र/छात्रा की गतिविधियों पर निगरानी रखने की व्यवस्था है।
4. प्रत्येक छात्र/छात्रा को मुख्य अनुशासक तथा प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित परिचय–पत्र सावधानी पूर्वक सदैव अपने पास रखना होगा एवं माँगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा। परिचय पत्र खो जाने की स्थिति में छात्र/छात्रा को नजदीकी पुलिस थाने में की गयी रिपोर्ट की प्रति एवं महाविद्यालय कार्यालय में रु0 100/– अर्थदण्ड जमा किये जाने के बाद ही डुप्लिकेट परिचय पत्र निर्गत किया जायेगा।
5. पुस्तकालय से स्नातक छात्र/छात्रा को पुस्तकें प्राप्त करने के लिए पुस्तकालय काउण्टर पर परिचय पत्र दिखाकर पुस्तकालय कार्ड बनवाना होगा। परास्नातक छात्र/छात्रा पुस्तकें विभागीय पुस्तकालय से पुस्तकें प्राप्त कर सकते हैं। पुस्तकालय कार्ड खो जाने की दशा में छात्र/छात्रा को प्रति कार्ड रु0 100/=अर्थदण्ड जमा करने के पश्चात् ही डुप्लिकेट पुस्तकालय कार्ड प्राप्त हो सकेगा।
6. काशन मनी के अतिरिक्त छात्र/छात्रा द्वारा एक बार जमा की गयी कोई भी फीस वापस नहीं लौटायी जायेगी। विज्ञान वर्ग के छात्र/छात्राओं की काशनमनी उनके अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण होने के अगले वर्ष 31 मार्च तक देय होगी।
7. महाविद्यालय परिसर में धूम्रपान, पान/गुटखा खाना अथवा किसी प्रकार के मादक पदार्थ का सेवन करना निषेध है।
8. सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार किसी भी प्रकार की रैगिंग पूरी तरह वर्जित है, दोषी पाये जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
9. महाविद्यालय परिसर में मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित है।
10. महाविद्यालय परिसर म` छात्र/छात्राओं द्वारा चार पहिया वाहनां` का लाना वर्जित है।
11. महाविद्यालय में कोई ड्रेस कोड नहीं है, तथापि छात्र/छात्राओं से अपेक्षा है कि वे छात्र गरिमा के अनुकूल शालीन परिधान में महाविद्यालय परिसर में आयें।
12. सभी छात्र/छात्राएं अपने टाइम टेबल के अनुरूप ही महाविद्यालय आयें। परिसर में अनावश्यक रुकने की अनुमति नहीं है।
13. समस्त छात्र/छात्राएँ महाविद्यालय द्वारा निर्धारित नियम पालन के लिए बाध्य है।
14. स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों को जारी परिचय पत्र 03 सत्रों (2017–18, 2018–19, 2019–20) एवं परास्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों को जारी परिचयपत्र 02 सत्रों (2017–18, 2018–19) तक मान्य होगा। महाविद्यालय छोड़ने पर चरित्र एवं स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र तभी देय होगा जब वह उक्त परिचय पत्र महाविद्यालय कार्यालय में वापस करेगा।

## अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति – श्री योगेन्द्र स्वरूप
## प्राचार्य – डॉ. इन्द्रजीत सिंह

**डॉ. तेज बहादुर सिंह** (मुख्य अनुशासक)
**डॉ. ज्योति कुमार** (उपमुख्य अनुशासक)

डॉ. आर. के. दीक्षित डीन, छात्र कल्याण

**डॉ. बी0डी0 पाण्डेय** प्रवेश प्रभारी
**डॉ. धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय** उपप्रभारी

सत्र 2018–19 के विभिन्न प्रवेश समितियाँ
समय : प्रातः 10:00 से अपरान्ह 3:00 तक

### (कला संकाय)

| कक्षा | प्रवेश समिति के सदस्यों के नाम |
|---|---|
| बी.ए. प्रथम वर्ष | 1. डॉ. डी. सी. कटियार (संयोजक) |
| | 2. डॉ. मीना गुप्ता |
| | 3. डॉ. मधुर बाला यादव |
| | 4. डॉ. कासिफ इमदाद |
| | 5. डॉ. सुधा अग्रवाल |
| | सहायक कला संकाय श्री सुधीर कुमार पाण्डेय |

### (विज्ञान संकाय–गणित समूह)

| | |
|---|---|
| बी.एस–सी. प्रथम वर्ष | 1. डॉ. ज्योति कुमार (संयोजक) |
| | 2. डॉ. रेनुका अरोड़ा |
| | 3. डॉ. अनीता राय |
| | 4. डॉ. मनिन्दर सिंह |
| | 5. डॉ. अल्कारानी |

### (विज्ञान संकाय–बायो समूह)

| | |
|---|---|
| बी.एस–सी. प्रथम वर्ष | 1. डॉ. बादल विस्वास (संयोजक) |
| | 2. डॉ. निधि श्रीवास्तव |
| | 3. डॉ. विवेक सिंह |
| | 4. डॉ. सुनील कुमार वर्मा |
| | सहायक विज्ञान संकाय श्री रामदेव |

### (वाणिज्य संकाय)

| | |
|---|---|
| बी.काम. प्रथम वर्ष | 1. डॉ. नीना टंडन (संयोजक) |
| | 2. डॉ. सुमन सिंह |
| | 3. डॉ. आरती विश्नोई |
| | 4. डॉ. मोनल सिंह |
| | 5. डॉ. सुहेल रज़ा |
| | सहायक वाणिज्य संकाय श्री आर. आर. पाठक |

**नोट : 1. एम0ए0, एम0एस–सी0, एम0काम पूर्वार्द्ध की प्रवेश प्रक्रिया सम्बन्धित विभाग में सम्पन्न होगी।**
**2. स्नातक द्वितीय, तृतीय एवं परास्नातक उत्तरार्द्ध के लिए आन लाइन प्रवेश का विवरण वेबसाइट पर देखें।**

Registration Open

Registration Open

# P.P.N. College, Kanpur

**(BBA)** Bachelor of Business Administration

**(BCA)** Bachelor of Computer Application

## 3 YEARS DEGREE PROGRAMME

Affiliated to CSJM University, Kanpur
Under Self-Finance Scheme

**ADDITIONAL OPPORTUNITY IN CAREER DEVELOPMENT FOR STUDENTS IN BBA & BCA**

**PERSONALITY DEVELOPMENT & COMMUNICATION SKILLS**

## P.P.N. COLLEGE, KANPUR

*in association with*

# A I P S

**Adesah Institute of Professional Studies**

*Proudly Offers the following Short Term*

1. Diploma in Tourism Management
2. Diploma in Logistics Management
3. Diploma in Advertising and Sales Management
4. Diploma in International Marketing
5. Diploma in Financial Management
6. Diploma in Marketing Management
7. Diploma in Personality Development and Communication Skills
8. Diploma in Guidance and Counselling
9. Diploma in Computer Application

**Department of Professional & Self Financed Courses**

PPN College, Kanpur • Ph. : 07755003400, 09125406319

# प्रवेश सम्बन्धी महत्वपूर्ण तिथियाँ

## बी.ए., बी.काम., बी.एस–सी. प्रथम वर्ष

| | |
|---|---|
| Online आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | 07 MAY 2018 |
| Online आवेदन की अन्तिम तिथि | 25 JUNE 2018 |
| मेरिट लिस्ट निर्गत होने की तिथि | 01 JULY 2018 |
| प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ होने की तिथि ;प्रातः 10 से 3 बजे तक) | 03 JULY 2018 |

## एम.ए. पूर्वा(, एम.एस–सी. पूर्वा(

| | |
|---|---|
| Online आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | 10 JUNE 2018 |
| Online आवेदन की अन्तिम तिथि | 07 JULY 2018 |
| मेरिट लिस्ट निर्गत होने की तिथि | 12 JULY 2018 |
| प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ होने की तिथि ;प्रातः 10 से 3 बजे तक) | 13 JULY 2018 |

स्नातक द्वितीय, तृतीय वर्ष एवं परास्नातक उत्तरा( के सभी प्रवेश आन लाइन होंगे।

प्रवेशार्थी सम्बन्धित कक्षा के प्रवेश प्रभारी से 10 से 3 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

## बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.काम. ;छात्रा, एम.काम. एवं एम.एस–सी.(जन्तु विज्ञान)

- विवरणिका, प्रवेश फार्म विक्रय एवं प्रवेश प्रकिया प्रारम्भ होने की तिथि — 03 JUNE 2018

नोट : प्रवेश हेतु विस्तृत विवरण के लिए प्रोफेशनल एवं सेल्फ फाइनेंस्ड विभाग में कुँ0 आकाँक्षा शर्मा से सम्पर्क करें।

सम्पर्क सूत्र : 07755003400

(Online Admission Registration Fee ₹ 180/-)